BSNL
Connecting India

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक:17/2021
(04 .5.2021)

बीएसएनएल ने अपने ग्राहक सेवा केन्द्रों का समय बदला (प्रातः 8.00 बजे से 12.00 बजे तक) एवं अब डिजिटल माध्यम से बीएसएनएल की सेवाएँ व्हाट्सएप्प (9414024365) पर लीजिए।

बीएसएनएल ने वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़े के दौरान, अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्थान स्थित अपने सभी ग्राहक सेवा केन्द्रों का समय बदल दिया है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो । बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केन्द्र अब सभी कार्य दिवसों में प्रातः 8.00 बजे से 12.00 बजे तक खुले रहेंगे। सभी ग्राहक सेवा केन्द्रों पर उपभोक्ताओं को बीएसएनएल के नए लैंड्लाइन और फाइबर कनेक्शन की बुकिंग, नई सिम लेने और बदलने तथा बीएसएनएल लैंड्लाइन/फाइबर /मोबाइल बिलों को जमा करने की सेवा सुचारु रूप से संचालित होती रहेगी ।

इस संबंध में प्रधान महाप्रबधक ,दूरसंचार जिला जयपुर श्री संजय कुमार ने बताया कि अब सम्माननीय उपभोक्ता घर बैठे ही बीएसएनएल के व्हाट्सएप्प कस्टमर केयर नम्बर 9414024365 पर भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बीएसएनएल के नए लैंड्लाइन/ फाइबर कनेक्शन की बुकिंग एवं बिलों के भुगतान सहित बीएसएनएल टैरीफ/रिचार्ज के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अलावा अन्य बीएसएनएल सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह एक इंटरैक्टिव सर्विस है जो 24 घंटे 365 दिन उपलब्ध होती है। इसलिए

उपभोक्ताओं को याद करने में आसान नंबर 94140 24 365 दिया गया है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए आप को **Hi** लिखकर उपरोक्त नंबर पर व्हाट्सएप्प करना है। राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने महामारी के इस विकट दौर में उपभोक्ताओं से अपील की है कि घर पर रहो, घर से काम करो, घर से पढ़ाई करो। टीकाकरण अवश्य कराएं तथा अपने एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें । आपने बताया कि बीएसएनएल की सभी सेवाएँ जैसे नया कनेक्शन बुक करना, शिकायत दर्ज करना, रिचार्ज , बिल पेमेंट आदि डिजिटल माध्यम में उपलब्ध हैं। उपभोक्ता इनका अधिकाधिक उपयोग करें।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी